RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार, 15 फरवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 259 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# ...क्या नवाब मलिक बीमार व्यक्ति हैं?

## जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने पूछा



**महाराष्ट्र :** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि क्या एनसीपी नेता नवाब मलिक एक 'बीमार व्यक्ति' हैं, जैसा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत परिभाषित किया गया है तो वह जमानत के हकदार होंगे. न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की एकल पीठ ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख तय करते हुए यह भी कहा कि उनके वकीलों को पहले अदालत को संतुष्ट करना होगा कि मलिक अस्वस्थ हैं और इसलिए उन्होंने चिकित्सा आधार पर जमानत मांगी है.

**नवाब मलिक की जमानत को लेकर क्या बोले न्यायाधीश**

मलिक को 23 फरवरी, 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पीएमएलए के प्रावधानों के तहत भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़ी एक जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था. न्यायमूर्ति कार्णिक ने कहा, ''अगर मैं चिकित्सकीय रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हूं तो आपको (मलिक) अपनी बारी (गुण-दोष के आधार पर जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए) का इंतजार करना होगा. पीठ के पास अन्य जरूरी मामले हैं. मैं नहीं चाहता कि कल कोई कुछ कहे.'' पीठ ने मलिक के वकील अमित देसाई और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अनिल सिंह से भी कहा कि वे इस बात पर दलील पेश करें कि धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कौन ''बीमार व्यक्ति'' है.

# युवक ने की लिव इन रिलेशनशिप में रह रही पार्टनर की हत्या...

## नागदा से हुई आरोपी की गिरफ्तारी




**विरार :** नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में एक युवक द्वारा अपनी 38 वर्षीय रूम पार्टनर की गला घोंटकर हत्या करने और शव को बेड के अंदर डाल कर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना तुलिंज रोड के सीता सदन नामक इमारत की है। फरार आरोपी हार्दिक को पुलिस ने आरपीएफ की मदद से नागदा से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या दो दिन पूर्व किए जाने की बात बताई जा रही है। हार्दिक शाह और मेघा तोरबी 38 वर्ष पिछले छह माह से एक साथ रह रहे थे, लेकिन एक माह से नालासोपारा पूर्व के तुलिंज रोड स्थित सीता सदन नामक इमारत में रूम किराए पर लेकर लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे। हार्दिक बेरोजगार था, जबकि मेघा नर्स का काम करती थी। दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। जिसके चलते हार्दिक ने उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी हार्दिक शाह ने मेघा की बहन को हत्या की जानकारी मैसेज करके दी थी।

**बेड में छुपा दिया था शव**

तुलिंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेन्द्र नगरकर ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है। हार्दिक बेरोजगार था और मृतिका पेशे से नर्स थी। दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। इसकी शिकायत पड़ोसियों ने भी की थी। गुस्से में हार्दिक ने मेघा की हत्या कर उसके शव को बेड में छुपा दिया। घर के कुछ सामान उसने जैसे-तैसे बेच दिया और फरार हो गया। तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी को आरपीएफ की मदद से नागदा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# महाराष्ट्र सरकार और टैंकर मालिकों में ठनी

## मुंबई में पानी सप्लाई प्रभावित

**मुंबई :** मुंबई में अपनी ताकत दिखाने के लिए पानी माफियाओं ने सड़कों पर अपने वॉटर टैंकर खड़े कर दिए हैं क्योंकि महाराष्ट्र सरकार ने उनके ऊपर कार्रवाई शुरू कर दी है. वाटर टैंकर सड़कों पर खड़े होने से शहर में पानी की परेशानी बढ़ गई है. मुंबई में चलने वाले बड़े-बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट में काम करने वाले हजारों मजदूर के सामने नहाने, शौचालय जाने और खाना बनाने जैसी मूलभूत चीजों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है.

**यहां से शुरू हुआ विवाद**

दरअसल, महाराष्ट्र सरकार जलसंसाधन नियमन प्राधिकरण ने मुंबई के कुओं से पानी निकालकर वाटर सप्लाई करने वाले टैंकरों पर कार्रवाई करने को कहा था. उसके बाद मुंबई पुलिस ने सर्कुलर जारी कर पुलिस स्टेशन को निर्देश दिया कि अधिकृत रूप से अनुमति लेकर क्षमता से अधिक पानी निकालने और अवैध रूप से बोरवेल, ट्यूबवेल और कुएं से पानी निकालने वाले टैंकरों पर आईपीसी की धारा 379,426,430 के तहत कार्रवाई की जाए.

**10 लाख का बांड भरें और टैंकर ले जाएं**



3 फरवरी 2023 को जारी इस आदेश के बाद 18 टैंकरों को पुलिस ने जब्त कर लिया है. पुलिस का कहना है कि 10 लाख रुपये का बांड भरने के बाद ही टैंकरों को छोड़ा जाएगा. पुलिस की इस कार्रवाई के बाद टैंकर मालिकों ने 8 फरवरी की रात से ही पानी की आपूर्ति बंद कर दी है. मुंबई में वाटर सप्लाई करने वाले टैंकरों को सड़क पर खड़ा कर दिया है, जिसकी वजह से मुंबई में पानी की दिक्कत खड़ी हो गई है. मुंबई में पानी की सप्लाई बाधित होने से मजदूरों के सामने भी समस्याएं खड़ी हो रही हैं, इसकी वजह से नवी मुंबई को जोड़ने वाले समुद्र पर बन रहे पुल का काम भी रुक गया है. इस प्रोजेक्ट को एलएनटी कंपनी बना रही है. प्रोजेक्ट से हजारों मजदूर जुड़े हुए हैं, लेकिन कई दिनों से पानी न आने की वजह से ये मजदूर परेशान हैं. मजदूर जहां पर रहते हैं वहां पर गंदगी का अंबार खड़ा हो गया है, ये शौचालय भी ठीक से नहीं जा पा रहे हैं.

**मुंबई यूनिवर्सिटी की लड़कियां परेशान**

इसके साथ ही मुंबई यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल में भी पानी सप्लाई बाधित है, जिसकी वजह से हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों के सामने समस्याएं खड़ी हो गई हैं. हॉस्टल की लड़कियां ऑनलाइन आर्डर करके पीने का पानी मंगा रही हैं, लेकिन रोजमर्रा की अन्य जरूरतें के लिए इन्हें दो चार होना पड़ रहा है. लड़कियों को अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के यहां जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# एक और एक्सप्रेस-वे

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के पहले चरण का उद्घाटन देश की राजनीतिक राजधानी को वित्तीय राजधानी से जोड़ने की दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इसलिए भी है कि इसका निर्माण वांछित गति से हो रहा है। इस परियोजना की आधारशिला मार्च 2019 में रखी गई थी। आशा की जाती है कि अगले कुछ महीनों में यह परियोजना पूरी हो जाएगी और इसी के साथ 12 घंटे के अंदर दिल्ली से मुंबई पहुंचने का सपना पूरा हो जाएगा। यह एक बड़ी उपलब्धि होगी-न केवल आवागमन, बल्कि परिवहन की दृष्टि से भी। यह परियोजना विकास को पंख लगाने का काम करने के साथ लाखों लोगों को सहूलियत देगी। इसके अतिरिक्त यह रोजगार के अवसरों को पैदा करने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने का भी काम करेगी। राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे देश के विकास की धमनियां हैं। पिछले कुछ वर्षों में राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे जिस तेजी से विकसित हुए हैं, वे केवल विकास की रफ्तार बढ़ाने का ही काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस प्रश्न का उत्तर भी दे रहे हैं कि आखिर विकास के मोर्चे पर हो क्या रहा है? अब इसके लिए सरकार को दावा करने की आवश्यकता नहीं कि वह आधारभूत ढांचे का विकास तेजी से कर रही है, क्योंकि देश के विभिन्न हिस्सों में यह ढांचा आकार लेता हुआ दिखाई दे रहा है।

आधारभूत ढांचे के रूप में केवल राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे ही निर्मित नहीं हो रहे हैं, बल्कि रेलवे नेटवर्क और हवाई अड्डों का भी निर्माण हो रहा है। इससे आम आदमी को सुविधाएं मिलने के साथ आर्थिक-व्यापारिक गतिविधियों को भी बल मिल रहा है। चूंकि इस बजट में आधारभूत ढांचे के विकास के लिए भारी-भरकम राशि आवंटित की गई है, इसलिए यह तय है कि आने वाले समय में देश का बुनियादी ढांचा और अधिक सशक्त होगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने के साथ ही सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे देश के पास होगा। इसके पूरा हो जाने के बाद केवल दिल्ली और मुंबई को ही लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के एक दर्जन से अधिक शहरों के बीच आना-जाना भी आसान हो जाएगा। इससे आम लोगों को किस तरह लाभ मिलेगा, इसका पता इससे चलता है कि इस एक्सप्रेस-वे के जरिये अब दिल्ली से जयपुर ढाई घंटे में पहुंचा जा सकेगा। आश्चर्य नहीं कि कुछ लोग इन दोनों शहरों के बीच हवाई मार्ग के स्थान पर सड़क मार्ग से यात्रा करना बेहतर समझें। इसमें कोई संदेह नहीं कि राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे आवागमन और परिवहन को सुगम करने वाले हैं, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि वे दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे कम से कम हादसों का कारण बनें, इसके लिए विशेष उपाय किए जाने चाहिए। इसी के साथ इनका उपयोग करने वालों को भी सावधानी बरतनी चाहिए।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पालघर में पुलिसकर्मी को कार के बोनट पर 1.5 किमी तक घसीटा

## चालक गिरफ्तार, हत्या की कोशिश का आरोप







**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में पालघर जिले के वसई इलाके में ट्रैफिक सिग्नल पार करने से रोके जाने के दौरान कार के बोनट पर एक यातायात पुलिस कांस्टेबल को करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटे जाने का मामला सामने आया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

**हत्या के प्रयास का मामला दर्ज, चालक गिरफ्तार**

मानिकपुर थाने के वरिष्ठ निरीक्षक संपतराव पाटिल ने कहा कि कार चालक की उम्र 19 साल है और उसके पास वैध लाइसेंस भी नहीं है। उन्होंने बताया कि घटना रविवार की है और चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पाटिल ने बताया कि वसई के व्यस्त चौराहे पर कांस्टेबल जब ड्यूटी पर था तभी उसने ट्रैफिक सिग्नल पार करने पर उत्तर प्रदेश में पंजीकृत एक कार को रुकने का इशारा किया। उन्होंने कहा कि कांस्टेबल जब पूछताछ कर रहा था तो चालक ने अचानक कार की गति तेज कर दी और पुलिसकर्मी को टक्कर मार दी। पुलिसकर्मी टक्कर खाकर कार के बोनट पर गिर गया। अधिकारी ने बताया कि इसी हालत में चालक करीब डेढ़ किलोमीटर तक गाड़ी चलाता रहा जिससे पुलिसकर्मी घायल हो गया।

इंस्पेक्टर पाटिल ने कहा कि यातायात जाम की वजह से कार रुकी और राहगीरों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पाटिल ने कहा कि कार चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 353 (सरकारी कर्मचारी को अपने कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल) और मोटर वाहन अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत अपराध का मामला दर्ज किया गया है।

# ठाणे शहर में बगीचे में पेड़ से लटका मिला शव



**महाराष्ट्र :**महाराष्ट्र के ठाणे शहर में मंगलवार को 28 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बगीचे में पेड़ से लटका मिला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला है। उन्होंने बताया कि पचपखड़ी इलाके के शहीद उद्यान में युवक का शव पेड़ से फंदे से लटकता मिला। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# बम धमाके को लेकर सूचना, पुलिस अलर्ट!

**मुंबई :** महाराष्ट्र में एक दिन के अंदर ही फोन पर बम विस्फोट की दो धमकियां मिली हैं। गूगल दफ्तर को उड़ाने की धमकी के बाद एक और फोन कॉल में एक कॉलर ने मुंबई पुलिस के जॉइंट कमिश्नर को मीरा - भायंदर इलाके में संभावित बम धमाके को लेकर सूचना दी। बताया गया है कि यह फोन रविवार देर रात दो बजे आया, जिसके बाद पुलिस को अलर्ट कर दिया गया।

# भिवंडी के लोक अदालत में 7,344 दावों के समझौते में करीब 8 करोड़ 65 लाख रुपए राजस्व हुआ जमा





**भिवंडी :** भिवंडी कोर्ट में आयोजित लोक अदालत कोर्ट में दाखिल करने से पहले 7,344 दावों के निस्तारण में 8 करोड़ 65 लाख 21 हजार 231 रुपए की राशि जमा हुई है। भिवंडी कोर्ट में आयोजित लोक अदालत में 3,259 दावों पर विचार किया गया। जिसमें से 919 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जिसमें से 72 लाख 45 हजार 646 रुपए और दावा पेश करने से पूर्व 59,506 प्रकरणों को जन न्यायालय में पेश किया गया, जिनमें से 6,425 दावों का निराकरण के बाद 7 करोड़ 92 लाख 75 हजार 585 रुपए का राजस्व जमा हुआ है। गौरतलब है कि भिवंडी सिविल और क्रिमिनल कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के द्वारा लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। न्यायालय में कुल 8विभागों के प्रलंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिसमें परिवहन विभाग की दंडात्मक कार्रवाई, महानगरपालिका सम्पत्ति कर बकाया, ग्राम पंचायत बकाया सम्पत्ति कर, चैक न भुनाने, बैंक ऋण प्रकरण और पारिवारिक प्रकरण पर विचार किया गया। दावा दाखिल करने से पहले 11 बैंक मामलों में 21 लाख 48 हजार,संपत्ति कर और परिवहन विभाग से 6414 मामलों में 7 करोड़ 71 लाख 27 हजार 585 रुपये राजस्व की वसूली की गयी है।

**पारिवारिक 12 मामलों में 1 लाख 50 हजार रुपए जमा किया गया**

दर्ज दावों में से पारिवारिक 12 मामलों में 1 लाख 50 हजार, चेक न भुनाने के 76 मामलों में समझौता कर 68 लाख 23 हजार 146 रुपए और अन्य मामलों में 2 लाख 72 हजार 500 रुपए का राजस्व जमा किया गया। लोक न्यायालय को सफल बनाने के लिए सभी माननीय न्यायाधीशों भिवंडी वकील एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों और पक्षकारों ने इस कार्य में सहयोग किया है।

# नाना-नानी के नई चप्पल खरीदने से मना करने पर 10 साल के बच्चे ने की आत्महत्या



**औरंगाबाद :** महाराष्ट्र के बीड जिले में नाना-नानी द्वारा नई चप्पल खरीदने से मना करने पर 10 साल के एक लड़के ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार दोपहर करीब साढे बारह बजे की है। उन्होंने बताया कि बच्चा अपने नाना-नानी के साथ रहता था। लड़के के माता-पिता दोनों खेतिहर मजदूर हैं तथा एक पड़ोसी गांव के निवासी हैं। जिले के दिनरुद थाने के अधिकारी ने बताया कि सोमवार को लड़के ने एक नई जोड़ी चप्पल खरीद देने के लिए कहा था लेकिन उसके नाना-नानी उसकी मांग पर सहमत नहीं हुए। अधिकारी के अनुसार तब लड़के ने कहा कि वह अपने माता-पिता के घर जा रहा है। प्राथमिक जांच का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि अपने माता-पिता के गांव जाने के रास्ते में लड़के ने एक पेड़ पर फांसी लगा ली।

# पत्रकार विकास फाउंडेशन द्वारा मनाया गया उर्दू अखबार दैनिक " हिंदुस्तान " का 87वा वार्षिक उत्सव

## जश्ने हिंदुस्तान समारोह में उपस्थित हुए गणमान्य हस्तियां , राजनेताओं, शायरों, कवियों, साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकताओं, पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**जश्ने हिंदुस्तान को सफल बनाने के लिए मित्रो, शुभचिंतकों, स्नेहीजनों, विज्ञापन दाताओं और पत्रकार विकास फाउंडेशन का बहुत बहुत आभार – सरफराज आरजू**




**मुंबई :** मुंबई आज के दौर में अखबार निकालना आसान नहीं है अखबार निकालने के लिए विज्ञापन दाताओं को तैयार करना और फिर पाठकों तक पहुंचाना यह सब प्रक्रिया आसान नहीं होता है और ऐसे में जब बात उर्दू अखबार की किया जाय तो यह समस्या और भी जटिल हो जाती है कई तरह के टेक्निकल समस्याओं से जूझना पड़ता है उनका सामना करना पड़ता है इस तरह की अनेकों परेशानियों को पछाड़ कर आज उर्दू अखबार दैनिक '' हिंदुस्तान '' सीना तान कर खड़ा हुआ है और अपने पाठकों के साथ मिलकर कदमताल कर रहा है, उर्दू अखबार दैनिक हिंदुस्तान 87वा वार्षिक उत्सव मना कर अखबार की दुनिया में उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है ।

पत्रकार विकास फाउंडेशन के तत्वावधान में दैनिक हिंदुस्तान मुंबई का 87वां वार्षिक उत्सव 10 फरवरी 2023 को मुंबई के इस्लाम जिमखाना में मनाया गया उक्त अवसर पर जश्ने हिंदुस्तान को यादगार बनाने के लिए मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस मौके पर मुशायरे की शोभा देश भर के जाने-माने शायरों ने अपने बेबाक शब्दों से बयां की, जिनमें एजाज अंसारी, कमर सादिकी, वासिफ यार, वाहिद अंसारी, रेत मालीगांववी, महवा तेवर, मीनाक्षी भाले राव, अजमल अबराफ, राजेश अनवी काबिले तारीफ रहे बताते चलें कि मुशायरे की अध्यक्षता महामहिम बशीर हजवानी ने की, जबकि शमा फारूजी, माननीय मुख्तार कुरैशी, श्री युसूफ अब्राहानी, अमीन पटेल, इम्तियाज जलील, वारिस पठान वी.आर. शरीफ और मुहम्मद अली पाटनकर मंच की खूबसूरती को आयाम दिए, पत्रकार विकास फाउंडेशन के सक्रिय अध्यक्ष युसूफ राणा व हसन बलरामपुरी ने संगठन के दायित्वों का निर्वहन किया,

जशन डेली हिंदीस्तान के मौके पर पत्रकारिता और सेवा से जुड़े लोगों का स्वागत करते हुए औरंगाबाद मजलिस इत्तिहाद-उल-मुस्लिमीन सांसद इम्तियाज जलील को मजलिस के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक वारिस पठान ने उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया , उक्त यादगार अवसर पर विधानसभा के कांग्रेस सदस्य श्री अमीन पटेल को मुबारक बाद के लिए नियुक्त किया गया था, सांसद इम्तियाज जलील ने जश्ने डेली हिंदीस्तान के 87वें वार्षिक आयोजन को 87 साल की जवानी का नाम दिया आज यादगार अवसर पर यह बताना जरूरी है कि श्री गुलाम अहमद खान आरजू से लेकर सरफराज आरजू तक, पाठकों के मनोबल को बनाए रखने के लिए मुंबई, मालेगांव और राज्य के लोगों को हर सुबह नवीनतम राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक और वर्तमान मामलों के समाचार, विश्लेषण और टिप्पणियां प्रदान की जाती थीं जो आज भी जारी है दैनिक हिन्दुस्तान अखबार नहीं 87 साल का नौजवान बन गया है, उर्दू अखबार दैनिक हिंदुस्तान के मालिक और संपादक सरफराज आरजू ने कहा कि अखबार की दुनिया और पत्रकारिता क्षेत्र में हर अखबार और हर पत्रकार अच्छा कार्य कर रहा है पत्रकार दिन रात मेहनत करके खबरें इकट्ठा करते हैं कई बार तो खबरे पहुंचाने के लिए कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है फिर भी संपादक और संवाददाता अपने कार्य को अपना दायित्व समझ कर सच्ची लगन से काम करते हैं ऐसे में अखबार और पत्रकार दोनो को प्रोत्साहित करना बहुत जरूरी है, उक्त यादगार अवसर पर पत्रकार विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष युसूफ राणा और सचिव सादिया मर्चेंट जी , नजीब आरजू को और संगठन से जुड़े सदस्यों को कार्यक्रम आयोजन के लिए सम्मानित किया गया और पत्रकार उपेंद्र पंडित ( संपादक - दैनिक मुंबई अमरदीप ), पत्रकार अता हसन शेख,पत्रकार यशपाल शर्मा (पहला समाचार), रिजवान शेख (समर इंडिया न्यूज), पत्रकार अब्दुल रहमान शेख, एवं शायरों ,कवियों ,साहित्यकारों ,राजनेताओं, सामाजिक कार्यकताओं, मेहमानों, पत्रकारों , और पत्रकार विकास फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर कलम प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया.

# शिवाजी महाराज की जयंती: आगरा के लाल किला में होगा कार्यक्रम, महाराष्ट्र सीएम ने सीएम योगी को किया आमंत्रित...

**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित लाल किला में महाराष्ट्र सरकार एक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। यह कार्यक्रम 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की 393वीं जन्म जयंती पर होगा। इसको लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि आपको सूचित करते हुए मुझे हर्ष है कि महाराष्ट्र सरकार आगरा स्थित लाल किला पर एक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यक्रम सामाजिक क्षेत्र में काम कर रही संस्था अजिंक्या देवगिरी प्रतिष्ठान के साथ मिलकर होगा।



**छत्रपति शिवाजी महाराज की 393वीं जयंती पर होगा कार्यक्रम**

पत्र में आगे लिखा कि यह कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज की 393वीं जयंती पर होगा। इसमें महाराष्ट्र कैबिनेट से कुछ मंत्री भी शामिल होंगे। लिखा कि यदि आप इसमें शामिल होंगे तो यह हमारे लिए सम्मान की बात होगी। उन्होंने लिखा कि विस्तृत जानकारी जल्द ही भेज देंगे। बताते चलें कि इसी कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति के लिए महाराष्ट्र के फाउंडेशन ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

# मुंबई पुलिस ने जुहू में दुकानों पर मारा छापा


## लाखों की ई-सिगरेट जब्त, दो गिरफ्तार...

**मुंबई :** भारी मात्रा में ई-सिगरेट की बिक्री की गुप्त सूचना मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने मंगलवार को उपनगरीय मुंबई के जुहू में एक दुकान पर छापा मारा। एक हफ्ते में मुंबई पुलिस की यह दूसरी ऐसी कार्रवाई है। सूत्रों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2019 में इन उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के बाद से ही वैप और ई-सिगरेट काउंटी में एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद इन्हें बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है।



पुलिस के मुताबिक, मुंबई पुलिस की प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों को जुहू इलाके की कुछ दुकानों में ई-सिगरेट की बिक्री के संबंध में सूचना मिली थी. दुकानें कथित तौर पर स्कूलों के करीब स्थित हैं। मनोज सुतार के नेतृत्व में एक टीम ने जुहू में जुहू तारा रोड पर स्थित दो दुकानों पर छापा मारा और पता चला कि ये दुकानें कथित तौर पर ई-सिगरेट और नकली विदेशी सिगरेट बेचने में शामिल थीं। एक अधिकारी ने कहा, ''अधिकारियों की टीम ने 4,45,900 रुपये की ई-सिगरेट और लगभग 96,258 रुपये की विदेशी सिगरेट जब्त की हैं। कुल जब्त राशि 5,41,798 रुपये से अधिक है।'' पुलिस ने कहा, विदेशी नकली सिगरेट, विभिन्न कंपनियों की ई-सिगरेट और उनके फ्लेवर का स्टॉक करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मामले में जुहू पुलिस स्टेशन में इलेक्ट्रिक सिगरेट (निर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, भंडारण और विज्ञापन का निषेध) अधिनियम 2019 की प्रासंगिक धाराओं के तहत और सिगरेट और तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन और निषेध का निषेध) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। व्यापार और व्यापार की आपूर्ति), वितरण) अधिनियम 2003।

पुलिस ने कहा कि इस मामले में 22 और 45 वर्षीय दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले 9 फरवरी को पुलिस ने कहा था कि उसने दक्षिण मुंबई के क्रॉफर्ड मार्केट इलाके में एक दुकान पर छापा मारा था। पुलिस ने तब कहा था कि छापेमारी के दौरान पुलिस अधिकारियों ने करीब 10,000 रुपये मूल्य की ई-सिगरेट और तंबाकू जब्त की है। रुपये से अधिक मूल्य की ई-सिगरेट सहित 2.37 लाख। 2.24 लाख और फ्लेवर्ड तंबाकू जिसकी कीमत रु. 12,000। पुलिस ने कहा था कि 55 वर्षीय एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए एमआरए मार्ग पुलिस को सौंप दिया। एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में बिक्री और निर्माण पर प्रतिबंध लगाने वाली संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।''



# पुणे में कोयता गैंग का आतंक जारी...
## कांग्रेस नेता पर किया जानलेवा हमला



**पुणे** : महाराष्ट्र के पुणे शहर में पिछले कई दिनों से कोयता गैंग का आतंक मचा हुआ है। वहीं, अब खबर मिली है कि, इस गैंग ने कांग्रेस के एक नेता पर हमला किया है। पुणे के सासवड में पूर्व नगरसेवक और वर्तमान कांग्रेस नेता गणेश जगताप पर जानलेवा हमला हुआ। इस मामले में जगताप ने सासवड पुलिस में पांचों हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। गणेश जगताप ने कहा कि, शहर में अवैध कारोबार की शिकायत पर करने पर उनपर हमला किया गया। जगताप की बिल्डिंग की पार्किंग में घुसकर हाथ में कोयता लेकर उन्हें मारने की कोशिश की। लेकिन जगताप कार में बैठे रहे, इसलिए वह बाल-बाल बच गए। इस दौरान हमलावरों ने उनके दो वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। सासवड़ में पिछले कुछ समय से कोयता गैंग ने आतंक मचा रखा है। इस गैंग का सफाया करने के लिए पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती है। कोयता गैंग ने अब तक कई लोगों पर हमला किया हैं। पिछले महीने पुलिस ने कोयता गैंग के कुछ सदस्यों को गिरफ्तार किया था। लेकिन इस पूरे गैंग का पता लगाना एक बड़ी चुनौती है। इस गैंग को कोयता सप्लाई करने वाले एक दुकानदार को भी कुछ दिन पहले ट्रेस किया गया था।

# मुंबई/ लंबे इंतजार के बाद दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे
## 15 फरवरी से पहले भी शुरू किया जा सकता है सफर!



**मुंबई** : लंबे इंतजार के बाद दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे के सोहना से दौसा खंड की वो तमाम औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं, जिनके लिए इस पर फरार्टेदार सफर का सपना संजोया जा रहा था। रविवार को प्रधानमंत्री ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के प्रथम खंड का लोकार्पण भी कर दिया। अब इस पर सफर के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) नए सिरे से योजना बना रहा है।

पहले एनएचएआई ने इस पर 15 फरवरी से सफर शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन लोकार्पण कार्यक्रम में एनएचएआई के चेयरमैन ने अधिकारियों को 15 से पहले सफर शुरू करने की संभावनाएं खोजने का निर्देश दिया। चेयरमैन ने ग्राउंड रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद इस पर सफर शुरू करने का हिदायत दी है, जिसके बाद एनएचएआई के अधिकारी ग्राउंड रिपोर्ट की जांच में जुटे हैं। इस जांच पर संतुष्टि के बाद रिपोर्ट चेयरमैन के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। उनकी ओर से झंडी मिलते ही इस एक्सप्रेसवे पर सफर शुरू कर दिया जाएगा। एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार इस पर 15 फरवरी से पहले भी सफर शुरू किया जा सकता है। कुछ तकनीकी कारणों से पहले 15 फरवरी से सफर शुरू करने का फैसला लिया गया था। चूंकि अब तमाम औपचारिकताएं पूरी हो गई है, इसका लोकार्पण भी हो गया है। लोट और विभिन्न प्रकार के टेस्ट लोकार्पण से पहले ही कर लिए गए थे। ट्रायल भी कर बार किया जा चुका है। ऐसे में इस पर सफर की कोई औपचारिकता नहीं बची है। इसी को देखते हुए अब इस पर सफर शुरू करने की तैयारियों में बदलाव किया जा सकता है। तैयारियों की पुनः समीक्षा की जा रही है। सोहना से दौसा तक के खंड का निर्माण पूरा होने के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, जनरल वीके सिंह ने पहली बार इस एक्सप्रेसवे के फरार्टेदार सफर का आनंद लिया। सभी मंत्री सोहना के अलीपुर स्थित एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सेंटर से नितिन गडकरी की कार में सवार होकर नूंह के हिलालपुर तक पहुंचे। इस दौरान गडकरी ने मंत्रियों से इसके अनुभव के बारे में भी बात की। सभी मंत्रियों ने इसे देश के विकास की भव्य तस्वीर करार देकर गडकरी और एनएचएआई के अधिकारियों की तारीफ की।

इस पर टोल को लेकर अभी एनएचएआई ने अनुमानित दर ही तय की है। यह ऊपर-नीचे भी हो सकती है। फिलहाल 2.17 रुपये से 2.19 रुपये औसत टोल दर वसूलने का अनुमान एनएचएआई की ओर से लगाया गया है। पूरे अध्ययन और समीक्षा के बाद इस पर टोल दर तय की जाएगी। इस पर एनएचएआई के नियम से ही टोल वसूली होगी। जिस प्रकार सामान्य हाईवे और एक्सप्रेसवे की टोल दरें होती है, उसी नियम और हिसाब से टोल दरें वसूली जाएंगी।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक मुदित गर्ग के अनुसार एनएचएआई में निर्माण खर्च के लिहाज से टोल दरें तय करने का नियम है। सामान्य सड़क (जमीन के स्तर) की अपेक्षा ढांचागत सड़क (एलिवेटेड और फ्लाईओवर) का 10 गुना टोल लिया जाता है। इस पर इसी नियम से टोल लिया जाएगा। मसलन, अगर किसी ने सामान्य सड़क पर 20 किलोमीटर सफर किया और किसी ने 20 किलोमीटर ढांचागत सड़क पर तो दोनों की टोल दरों में अंतर होगा। फिर भी एक औसत तय कर टोल वसूली होगी। फिलहाल 2.17 से 1.19 रुपये अनुमानित औसत दर आंकी गई है।

# सिद्धिविनायक मेट्रो स्टेशन के शेड में लगी भयंकर आग, मौके पर दमकल की गाड़ी



**मुंबई** : मुंबई से आ रही बड़ी खबर के अनुसार, यहां के दादर इलाके में सिद्धिविनायक मंदिर के पास बन रहे मेट्रो स्टेशन के परिसर में शेड में भयंकर आग लगी है। वहीं मौके पर फिलहाल दमकल की गाड़ी पहुंच गई है। मिली खबर के अनुसार यह स्टेशन अंडरग्राउंड मेट्रो का हिस्सा है। सुत्रोंब के मुताबी शोर्ट सर्किट की वजह से लाग लगने की बात बहार आ रही है। मामले पर विवरण का इंतजार है।

# हॉस्टल की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या, मामले की जांच शुरू



**मुंबई** : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे में बीते रविवार 18 साल के एक छात्र ने परिसर में बने हॉस्टल की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी. इसके बाद पवई पुलिस ने इस पूरे मामले में एक्सिडेंटल डेथ का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी.

जानकारी के मुताबिक, मृतक छात्र की पहचान दर्शन सोलंकी के नाम से की गई है. छात्र गुजरात के अहमदाबाद का था और क्कळ में केमिकल इंजिनियरिंग के फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा था. पुलिस के मुताबिक, छात्र रविवार सुबह 11:30 बजे सातवीं मंजिल से गिरा था. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है.

वहीं, कुछ छात्रों ने आरोप लगाया है कि कैंपस में अनुसूचित जाति के छात्र के साथ कथित तौर पर भेदभाव किया जा रहा था. इससे उसने आत्महत्या का कदम उठाया. दर्शन ने आत्महत्या से ठीक एक दिन पहले यानी शनिवार के दिन का अपना सेमेस्टर एग्जाम खत्म किया था. ऐसे में पुलिस अब इस मामले की भी जांच कर रही है कि क्या दर्शन ने एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं किए जाने के डर से आत्महत्या की है.

वहीं, दूसरी तरफ आईआईटी कैंपस के अंदर APPSC- IIT अंबेडकर- पेरियार-फुले स्टूडेंट सर्कल छात्र संगठन के तरफ से दर्शन सोलंकी को लेकर एक प्रेस रिलीज जारी किया गया है. अंबेडकर- पेरियार-फुले स्टूडेंट सर्कल छात्र संगठन का आरोप है कि दर्शन सोलंकी ने इसलिए आत्महत्या की क्योंकि कैंपस में उसको जाति को लेकर परेशान किया जा रहा था. मामले की गंभीरता को देखते हुए, आईआईटी बॉम्बे की तरफ से दर्शन सोलंकी की मौत की जांच करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है.

# मुंबई की सड़कों पर देश की पहली इलेक्ट्रिक AC डबल डेकर बस!



**मुंबई** : देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में रहने वाल लोगों को बेस्ट की तरफ से एक बड़ी सौगात मिली है. BEST बस मुंबई की सड़कों पर देश की पहली इलेक्ट्रिक अउ डबल डेकर बस चलाने जा रही है. अब तक इस तरह के बसों को आप लंदन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों की सड़कों पर दौड़ती देखते आ रहे थे, लेकिन अब महज 4 से 5 दिनों बाद ये बसें आपको मुंबई की सड़कों पर दौड़ते हुई दिखाई देंगीं. यात्रियों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस में कई तरह की सुविधाएं दी गई हैं.

सीट बेल्ट, सीसीटीवी, स्पीकर तमाम सुविधाएं बस के अंदर पैसेंजर्स के लिए मौजूद रहेंगी. सीटिंग कैपेसिटी की अगर बात करे तो एक समय में बस में 65 लोग बैठकर यात्रा कर सकते हैं. वहीं 15 से 20 लोग खड़े होकर यात्रा कर सकते है.

BEST की तरफ से दावा किया गया है कि एक बार चार्ज करने पर इस बस को 120 से 140 किलोमीटर तक चलाया जा सकता है. 80 से 90 मिनट के अंदर इसे पूरी तरह से चार्ज कर लिया जाएगा. इस महीने के अंत तक 5 इलेक्ट्रिक एसी डबल डेकर बस को मुंबई में अलग-अलग जगह पर चलाया जाएगा. मार्च महीने के अंत तक 20 इलेक्ट्रिक एसी डबल डेकर बसों को अलग-अलग रूटों पर चलाया जाएगा. स्विच कंपनी को बेस्ट की तरफ से कुल 200 बस बनाने का आर्डर मिला है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com